सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 126 | इंदौर, रविवार 12 नवंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए



## एक दीप प्रज्ज्वलित करें अपने विवेक अपनी समझ का...

झिलमिल दीपों की रोशनी के त्योहार दीपावली पर घर -आंगन, संस्थान और प्रतिष्ठान सहित लाखों दीप रोशन होकर इनके जरिए अंधेरे को चुनौती देते हुए आज रात रोशनी फैलाई जाएगी। यह पर्व केवल दीपों की रोशनी, आतिशबाजी और खुशियां मनाने का ही नहीं, बल्कि यह पर्व एक संदेश देता है, एक अहसास कराता है, एक नई सोच देता है और हर किसी को कुछ न कुछ सिखाता है, जरूरत है बस उसे समझने की और समय आने पर पहचानने की। खैर, चुनावी साल में दीपावली के त्योहार का रंग भी बदल गया है। यह पर्व हंसी-खुशी का है। सारे दुख-दर्द भूलाकर हमें सनातन धर्म का सबसे बड़ा त्यौहार मनाना चाहिए। दुख-दर्द हर व्यक्ति को होता है चाहे वो समाज का धनी से धनी व्यक्ति हो या फिर गरीब से गरीब। सबके अपने-अपने दुख हैं और अपनेअपने दर्द, लेकिन जैसा कि हमारा जीवन दर्शन तमाम दुख-दर्दों को पीछे छोड़कर उत्साह और खुशियों के साथ आगे बढ़ने का है, वैसे ही हमें दीपावली पर्व का भी स्वागत करना चाहिए।

दीपावली एक पर्व है त्यौहार है, तो चुनाव भी लोकतंत्र का पर्व है। इस पर्व में हम पांच साल के लिए अपने जनप्रतिनिधि चुनते हैं। इस बार लोकतंत्र के महापर्व पर मतदान की तारीख 17 नवंबर को हमें हमारे प्रदेश की सरकार चुनना है। जनप्रतिनिधि के रूप में हमें पांच साल के लिए अपना विधायक चुनना है। सनातन धर्म का सबसे बड़ा पर्व दीपावली और लोकतंत्र का महापर्व चुनाव दोनों एक के बाद एक आएंगे। चुनाव में किसे चुनना है, किसे नहीं, ये नितांत व्यक्तिगत विषय है, लेकिन एक बात साफ है कि सनातन संस्कृति को निर्बाध रखने के लिए हमें योग्य दल को चुनना चाहिए। इस बार योग्य प्रत्याशी चुनने की बात हो रही है, लेकिन चुनाव योग्य दल का होना चाहिए, क्योंकि योग्य प्रत्याशी दल से बंधा होता है और जो दल कहेगा, वो योग्यता को दरकिनार कर वही करेगा। दीपावली पर जब एक दीप प्रज्वलित करते हैं तो हमें उम्मीद रहती है कि यह प्रकाश फैलाकर अंधेरे को दूर भगाएगा और होता भी यही है। हमारा विवेक और हमारी समझदारी सही साबित होती है, लेकिन चुनाव के महापर्व में कई बार हमारा विवेक और हमारी समझदारी गलत भी साबित हो जाती है। सभी जानते हैं कि विधायक का काम ऐसी नीतियां और योजनाएं बनवाना हैं जिससे राहत मिले और किसी एक पक्ष के लाभ के लिए दूसरे पक्ष की उपेक्षा करके बनने वाली योजनाओं को रोकना है। इसलिए अपनी सोच को ऊंचा करें अपने विवेक लगाएं, अपनी समझदारी दिखाएं और विधायक के कामकाज पर दिल से मनन करें उसे वोट दें नहीं। ये चुनाव छोटी-मोटी बातों को ध्यान में रखकर वोट देने का नहीं है, क्योंकि हमारे एक वोट से पूरे प्रदेश की तकदीर बदलेगी। चुनावी त्यौहार पर अपने सुनहरे भविष्य का दीप प्रज्वलित करें। इन्हीं शुभकामनाओं के साथ सभी पाठकों को डीजीआर परिवार की ओर से दीपपर्व की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं...।

**समस्त देशवासियों एवं पाठकों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं...**

आगामी अंक दीपावली उत्सव के अवकाश के कारण बुधवार को प्रकाशित होगा।

- संपादक

## ।। अष्टलक्ष्मी स्तोत्र' ।।

### आद्य लक्ष्मी

सुमनस वन्दित सुन्दरि माधवि, चन्द्र सहोदरि हेममये,
मुनिगण वंदित मोक्ष प्रदायिनी, मंजुल भाषिणी वेदनुते।
पंकजवासिनी देव सुपूजित, सद्गुण वर्षिणी शान्तियुते,
जय जय हे मधुसूदन कामिनी, आद्य लक्ष्मी परिपालय माम्।।

### गजलक्ष्मी

जय जय दुर्गति नाशिनी कामिनी, सर्व फलप्रद शास्त्रीय,
रथ गज तुरग पदाति समावृत, परिजन मण्डित लोकनुते।
हरिहर ब्रह्म सुपूजित सेवित, ताप निवारिणी पादयुते,
जय जय हे मधुसूदन कामिनी, गजरूपेणलक्ष्मी परिपालय माम्।।

### विद्यालक्ष्मी

प्रणत सुरेश्वरि भारति भार्गवि, शोक विनाशिनी रत्नम,
मणिमय भूषित कर्णभूषण, शान्ति समावृत हास्यमुखे।
नवनिधि दायिनि कलिमलहारिणि, कामित फलप्रद हस्तयुते,
जय जय हे मधुसूदन कामिनी, विद्यालक्ष्मी सदा पालय माम्।।

### धान्यलक्ष्मी

असि कलि कल्मष नाशिनी कामिनी, वैदिक रूपिणी वेदमयी,
क्षीर समुद्भव मंगल रूपणि, मन्त्र निवासिनी मन्त्रयुते।
मंगलदायिनि अम्बुजवासिनि, देवगणाश्रित पादयुते,
जय जय हे मधुसूदन कामिनी, धान्यलक्ष्मी परिपालय माम्।।

### संतानलक्ष्मी

अयि खगवाहिनि मोहिनी चक्रिणि, राग विवर्धिनि ज्ञानमये,
गुणगणवारिधि लोकहितैषिणि, सप्तस्वर भूषित गाननुते।
सकल सुरासुर देवमुनीश्वर, मानव वन्दित पादयुते,
जय जय हे मधुसूदन कामिनी, सन्तानलक्ष्मी परिपालय माम्।।

### धनलक्ष्मी

धिमिधिमि धिन्दिमि धिन्दिमि, दिन्धिमि दुन्धुभि नाद सुपूर्णमये,
घुमघुम घुंघुम घुंघुंम घुंघुंम, शंख निनाद सुवाद्यनुते।
वेद पुराणेतिहास सुपूजित, वैदिक मार्ग प्रदर्शयुते,
जय जय हे मधुसूदन कामिनी, धनलक्ष्मी रूपेणा पालय माम्।।

### धैर्यलक्ष्मी

जयवर वर्षिणी वैष्णवी भार्गवी, मन्त्र स्वरूपिणि मन्त्र,
सुरगण पूजित शीघ्र फलप्रद, ज्ञान विकासिनी शास्त्रनुते।
भवभयहारिणी पापविमोचिनी, साधु जनाश्रित पादयुते,
जय जय हे मधुसूदन कामिनी, धैर्यलक्ष्मी परिपालय माम्।।

### विजयलक्ष्मी

जय कमलासिनी सद्गति दायिनी, ज्ञान विकासिनी ज्ञानमयो,
अनुदिनम र्चित कुमकुम धूसर, भूषित वसित वाद्यनुते।
कनकधरास्तुति वैभव वन्दित, शंकरदेशिक मान्यपदे,
जय जय हे मधुसूदन कामिनी, विजयलक्ष्मी परिपालय माम्।।

अष्टलक्ष्मी नमस्तुभ्यं वरदे कामरूपिणि।
विष्णु वक्ष:स्थलारूढ़े भक्त मोक्ष प्रदायिनी।।
शंख चक्रगदाहस्ते विश्वरूपिणिते जयः।
जगन्मात्रे च मोहिन्यै मंगलम् शुभ मंगलम्।।

।।इति श्रीअष्टलक्ष्मी स्तोत्रं सम्पूर्णम्।।



# अबकी दिवाली कांग्रेस वाली, बेटियों के लिए खुशहाली : सुरजेवाला

## मालवा मिल चौराहे से राजकुमार ब्रिज तक निकली रैली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **शनिवार को विधानसभा चुनाव में क्षेत्र क्रं. पांच के कांग्रेस प्रत्याशी सत्यनारायण पटेल के समर्थन में अभा कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं मध्यप्रदेश प्रभारी रणदीप सुरजेवाला , कांग्रेस वरिष्ठ नेता पंकज संघवी के नेतृत्व में मालवा मिल चौराहे से राजकुमार ब्रिज तक विशाल रैली में शामिल हुए। उनके साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज भाई संघवी भी मौजूद थे।**

रैली के दौरान रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि अबकी दिवाली कांग्रेस वाली, बेटियों के लिए खुशहाली है। कांग्रेस सरकार जब बेटी पैदा होगी तो 2 लाख 51 हजार रुपये का शगुन देंगे। जब बेटी स्कूल जाएगी तो कांग्रेस की सरकार 500 से 1500 रुपये हर माह बच्चों को देगी। जब बिटिया की शादी होगी तो 1 लाख 1 हजार रुपये शगुन की राशि देंगे, जब बिटिया गृहस्थी बसायेगी तो उन्हें 1500 हर माह देंगे। बीमारी के लिए परिवार को 25 लाख रुपये का बीमा और 10 लाख का दुर्घटना बीमा देंगे। जब बिटिया वृद्धावस्था में जाएगी तो 1200 रुपए प्रतिमाह की पेंशन देंगे। इसलिए हमने कहा - अबकी दिवाली कांग्रेस वाली, बेटियों के लिए खुशहाली।

### शिवराज सरकार लाडली बहनों को कभी नहीं देगी 3000 रुपए : सुरजेवाला

इंदौर। प्रदेश भर में लाडली बहनों को 3000 रुपए प्रति माह दिए जाएंगे इस झूठे वादे के होर्डिंग लगे हैं। भाजपा द्वारा इस बात का झूठा प्रचार किया जा रहा है, लेकिन इस झूठे प्रचार की पोल भाजपा द्वारा जारी घोषणा पत्र से खुल जाती है जिसमें इस योजना का नामोनिशान ही नहीं है। प्रदेश में शिवराज सरकार लगभग 18 वर्षों से है लेकिन अभी तक उन्हें महिलाओं का ख्याल नहीं आया और जब चुनाव में निश्चित हार दिखने लगी तो केवल जनता को बरगलाने के लिए इधर-उधर से कर्ज लेकर लाडली बहन का झूठ कुछ माह चला दिया गया।

यह बात अभा कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं मध्यप्रदेश प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने स्टेट प्रेस क्लब मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित ह्यसंवादह्ल कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश की जनता भाजपा सरकार भ्रष्टाचार और महंगाई तथा बेरोजगारी से तंग आ चुकी है तथा प्रदेश में कांग्रेस की सरकार पूर्ण बहुमत के साथ बनाने जा रही है। मध्य प्रदेश में भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने ही शिवराज सिंह चैहान को खारिज कर दिया है। श्री सुरजेवाला ने मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर कांग्रेस द्वारा दी जाने वाली कई गारंटी का विवरण भी दिया। श्री सुरजेवाला ने कहा कि केबिनेट मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर के पुत्र के विवादित वीडियों का मुद्दा कांग्रेस दीपावली के बाद बड़े पैमाने पर उठायेगी। भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार के अनेक मुद्दों का उल्लेख करते हुये उन्होंने कहा कि शिवराज सरकार के इतने घोटाले हैं, कि उन्हें उठाने के लिए एक साल भी कम पडेगा। कार्यक्रम में कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत सिंघ चड्ढा एवं प्रवक्तागण विशेषरूप से मौजूद थे। श्री सुरजेवाला का स्वागत वरिष्ठ पत्रकार मनोहर लिंबोदिया एवं श्री कीर्ति राणा एवं श्री आकाश चौकसे ने किया। अंग वस्त्र से श्री सुरजेवाला का सम्मान अध्यक्ष प्रवीण कुमार खारीवाल ने किया। श्री सुरजेवाला को स्मृति चिन्ह एवं स्मारिका आलोक बाजपेयी ने भेंट की। अंत में सुश्री सोनाली यादव ने आभार व्यक्त किया।

## तुलसी के समर्थन में सिंधिया ने सभा को संबोधित किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **भारतीय जनता पार्टी के सांवेर से प्रत्याशी तुलसी सिलावट के समर्थन में भाजपा के कद्दावर नेता और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सांवेर में जनसभा को संबोधित किया।**

आपने कहा कि तुलसी सिलावट जनता के प्रति अपने कर्तव्यों को जानते है और उन्होंने कभी भी पद या कुर्सी के लिए संघर्ष नहीं किया बल्कि जनता के हित के लिए संघर्ष करते है यह अभी से नहीं कॉलेज के दिनों से है। कोरोना के दिनों में प्रदेश और खासतौर से इंदौर और सांवेर के लिए मदद मांगने के लिए सबसे ज्यादा फोन तुलसी सिलावट ने किया है। कोरोना काल में भाजपा सरकार ने 220 करोड़ कोरोना के टीके संपूर्ण भारत में लगाए और इसके लिए विश्व ने भारत की तारीफ की है। विपक्ष को इसमें भी राजनीति नजर आई और उसने लोगो को गुमराह करने का काम किया और पीछे के रास्ते से घुस कर खुद टीका लगवाया। ये लोग बहरुपिया है जनता के साथ खिलवाड़ करते है। श्री सिंधिया ने कहा कि तुलसी सिलावट जैसा जनसेवक मिलना मुश्किल है मेरे पिताजी के जाने के बाद मेरे साथ दिन रात खड़े रहे। वे बड़े ही सहज सरल है और दिल व दिमाग से पवित्र है। सांवेर के विकास के लिए वे दिन रात लगे रहे।

## मधु वर्मा का तिलक लगाकर किया स्वागत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। राऊ विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी मधु वर्मा ने शनिवार को वार्ड 79 की कॉलोनियों व बस्तियों में जनसंपर्क किया। इस दौरान उनका जोरदार स्वागत किया गया। महिलाओं ने उन्हें तिलक लगाया, आरती की और पुष्पवर्षा कर आशीर्वाद दिया। मधु वर्मा ने रहवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी। जनता से रुबरू होते हुए भाजपा प्रत्याशी मधु वर्मा ने कहा कि पांच साल पहले भी मैंने चुनाव लड़ा था, लेकिन जीत नहीं पाया, फिर भी मैंने क्षेत्र की जनता से नाता नहीं तोड़ा और उनके लिए हमेशा तैयार रहा। जब भी क्षेत्रीय जनता ने मुझे पुकारा मैंने उन्हें निराश नहीं किया। कोरोना काल हो या अन्य समय मैं हमेशा जनता के लिए तत्पर रहा।

## सेक्टर आफिसर एवं माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण 14 को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर जिले में आगामी 17 नवम्बर को होने वाले मतदान के लिये व्यापक तैयारियां जारी हैं। मतदान की विभिन्न व्यवस्थाओं के लिये माइक्रो आब्जर्वर और सेक्टर आफिसरों की नियुक्त की गई है। इन्हें 14 नवम्बर को होलकर साइंस कॉलेज में प्रशिक्षण दिया जायेगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से होलकर विज्ञान महाविद्यालय के एकेडमिक ब्लॉक में शुरू होगा। कक्ष क्रमांक ए-101 से ए-109 तक में सेक्टर आफिसरों का प्रशिक्षण एवं कक्ष क्रमांक ए-110 में सांवेर विधानसभा के माइक्रो ऑब्जर्वर को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

कटाक्ष




## 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक भी दिखाकर मतदाता कर सकेंगे मतदान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। ऐसे मतदाता जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज है परंतु उनके पास किसी वजह से मतदाता परिचय पत्र उपलब्ध नहीं है तो भी वह मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे। मतदाता परिचय पत्र के अलावा 12 वैकल्पिक फोटो युक्त दस्तावेज दिखाकर मतदान किया जा सकेगा।

इसी प्रकार यदि किसी कारण से किसी नागरिक को मतदाता पर्ची प्राप्त नहीं होती है, लेकिन उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज है तो भी वह मतदान कर सकेंगे। सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में सभी मतदाताओं को फोटो पहचान पत्र जारी किया जा रहा है। जो मतदाता वोटर आईडी कार्ड प्रस्तुत करने में सक्षम नहीं हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में से कोई एक दिखाना होगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र,राज्य सरकार,पीएसयू,सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक,डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों,विधायकों,एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी शामिल है। अप्रवासी भारतीय मतदाताओं (एनआरआई) को केवल पहचान के लिए अपना मूल पासपोर्ट दिखाना होगा। यदि ईपिक में किसी मतदाता के फोटोग्राफ आदि का मिलान न हो पाने के कारण मतदाता की पहचान करना संभव नहीं है, तो उस मतदाता को उपरोक्त 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक दिखाना होगा।

## विधानसभा 5 में सत्यनारायण पटेल का जनसंपर्क

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 5 के कांग्रेस प्रत्याशी सत्यनारायण पटेल का जनसंपर्क अलग-अलग वार्डों में जारी है। जगह-जगह उनका स्वागत किया जा रहा है। जनसंपर्क के दौरान उन्होंने रहवासियों से चर्चा करते हुए कहा कि महालक्ष्मी नगर और तुलसी नगर को समस्या से मुक्त किया जाएगा। इस क्षेत्र के विकास के लिए एक अलग विकास योजना तैयार की जाएगी। सत्यनारायण पटेल ने शनिवार को संपूर्ण महालक्ष्मी नगर, तुलसी नगर और उसके आसपास के क्षेत्र में जनसंपर्क किया। वे सबसे पहले महालक्ष्मी जी एवं मेहंदीपुर बालाजी के मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने पूजा अर्चना की। इसके बाद उन्होंने यहां उपस्थित मतदाताओं से कहा कि आप बदलाव करें विकास होगा। महालक्ष्मी और तुलसी नगर के रहवासियों में बताया कि क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या ड्रेनेज और सड़क है। सड़कों की हालत सबसे ज्यादा खराब है। इस कारण दिनभर क्षेत्र में धूल भी उड़ती रहती है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है। सत्यनारायण पटेल ने इस समस्या की ओर विशेष ध्यान देने की बात कही।

# रमेश-कैलाश के गढ़ में हटाए कांग्रेस के झंडे, चिंटू चौकसे की मंच से धमकी, जमीन में गाढ़ दूंगा

इंदौर। इंदौर में विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी दिन रात प्रचार कर रहे हैं। इसी सिलसिल में विधानसभा दो में भी कांग्रेस प्रत्याशी चिंटू चौकसे ने शनिवार को जनसभा की। जनसभा के दौरान चिंटू चौकसे ने यहां के भाजपा पार्षद जीतू यादव का नाम लेकर मंच से खुली धमकी दे दी। उन्होंने कहा कि अब यहां पर गुंडागर्दी नहीं चलेगी। जो भी गुंडागर्दी करेगा मैं उसे छह फिट नीचे जमीन में गाढ़ दूंगा।

### ◆ रमेश-कैलाश के गढ़ में सीधी चुनौती

विधानसभा दो भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय और विधायक रमेश मेंदोला का गढ़ है। यहां से रमेश मेंदोला विधायक हैं और इस बार भी भाजपा के टिकट पर यहां से चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस ने यहां पर चिंटू चौकसे को मैदान में उतारा है। यह क्षेत्र भाजपा के वर्चस्व का क्षेत्र माना जाता है। चिंटू





चौकसे वार्ड 24 में जनसभा करने पहुंचे थे। इस वार्ड में रमेश और कैलाश के खास जीतू यादव पार्षद हैं।

### चिंटू की धमकियों पर बजती रही तालियां

चिंटू चौकसे के समर्थकों ने जनसभा के पहले दो से ढाई हजार घरों में कांग्रेस के झंडे लगाए थे। चिंटू चौकसे का कहना था कि लोगों ने स्वेच्छा से अपने घरों पर झंडे लगाए और यहां के भाजपा पार्षद जीतू यादव ने गुंडागर्दी से झंडे निकलवा दिए। चिंटू चौकसे ने कहा कि कुलकर्णी भट्टे में मैं जीतू यादव को चैलेंज करता हूं। आमने सामने की लड़ाई होगी। तकलीफ उतनी दो जितनी सहन कर सको। जिसने भी गुंडागर्दी की जमीन में छह फिट नीचे गाढ़ दूंगा। दोस्ती खत्म, अब सिर्फ चुनाव होगा। जिसमें दम होगा वो जीत जाएगा और लड़ लेगा। हम यहां पर सीआरपीएफ लगाएंगे। लट्ठ, बंदूक लेकर चुनाव लड़ेंगे। देख लेंगे किसमें कितना दम है। अब यहां गुंडागर्दी का अंत होकर रहेगा। जिसमें लड़ने का दम है लड़ ले, हम ओपन चैलेंज देते हैं। चिंटू चौकसे का यह वीडियो वायरल हो रहा है और उनकी बातों पर क्षेत्र के लोग खूब तालियां बजाते दिख रहे हैं। वहीं इस मामले में जीतू यादव का कहना है कि उन्होंने झंडे नहीं निकलवाए लोगों ने खुद ही निकाले हैं।

## संजय शुक्ला ने जनसंपर्क में सैनिटाइजर लगाकर दिलाई कोरोना काल की याद, कहा- चुनाव लड़ने तब कहां थे



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 1 के कांग्रेस प्रत्याशी संजय शुक्ला के जनसंपर्क के दौरान आज कार्यकर्ताओं ने नागरिकों को हाथों में सैनिटाइजर लगाया। इसके माध्यम से इन नागरिकों को कोरोना के संक्रमण काल की याद दिलाई गई। इसके साथ ही यह भी पूछा गया कि आज जो मेहमान नेताजी के रूप में चुनाव लड़ने आए हैं। उनसे पूछो कि जब आपकी जान के लाले पड़े हुए थे तब वह कहां थे?

शुक्ला ने आज वार्ड 6 में जोरदार जनसंपर्क किया। भोलेनाथ कॉलोनी में साईबाबा मंदिर में दर्शन कर उन्होंने अपना जनसंपर्क शुरू किया। शुक्ला भोलेनाथ कॉलोनी, धर्मराज कॉलोनी, नयापुरा, महावीर कृपा एवेन्यू, शुक्ला नगर, रामचंद्र नगर, विंध्याचल नगर, इंद्रा नगर सहित अन्य कॉलोनियों में घर घर पहुंचे। उन्होने अभिवादन कर दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी। साथ ही अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। शुक्ला की मौजूदगी ने क्षेत्र के नागरिकों में दिवाली के त्यौहार के उत्साह को बढ़ा दिया। बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपने बेटे के रूप में उनका स्वागत किया और उन्हें आशीष दिया। इस जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नागरिकों के हाथों में सैनिटाइजर लगाया और उन्हें कोरोना के संक्रमण काल की याद दिलाई। इस काल के दौरान हर व्यक्ति की जान के लाले पड़े हुए थे। सारे नेता स्थिति छोड़कर पलायन कर गए थे। ऐसे में संजय शुक्ला ही एकमात्र ऐसा बेटा था जो कि अपने जान की बाजी लगाकर लोगों की जान बचाने में लगा हुआ था। इन कार्यकर्ताओं ने नागरिकों से यह सवाल भी किया कि आपके बीच में चुनाव लड़ने के लिए आए नेताजी से पूछो कि जब आपकी जान संकट में थी तब वह कहां थे और क्या कर रहे थे?

## कीचड़ में स्वागत... फूलमाला लेकर खड़ा रहा युवक, दूर से ही निकल गए जीतू पटवारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मप्र चुनाव 2023 के लिए मतदान की तारीखें नजदीक आते ही नेताओं का चुनाव प्रचार तेजी से चल रहा है। इसी कड़ी में राऊ विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी जीतू पटवारी भी दिनरात सभाएं कर रहे हैं। उनके क्षेत्र का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें एक युवक कीचड़ में फूलमाला लेकर खड़ा है। वह जीतू पटवारी को स्वागत के लिए कीचड़ में बुलाता है लेकिन जीतू दूर से ही निकल जाते हैं।

घटना बांक पंचायत की है। यहां के एक युवक का विरोध का तरीका वायरल हो रहा है।



राऊ विधानसभा की बांक पंचायत अल्पसंख्यक बाहुल्य पंचायत मानी जाती है। यहां कांग्रेस को अधिकांश चुनावों में अच्छी लीड मिलती है। बावजूद इसके पंचायत में विकास के कई काम बाकी हैं। इसी से युवक नाराज था। जीतू पटवारी का यहां पर चुनावी संपर्क चल रहा था भी युवक ने अनोखे अंदाज में विरोध किया।

वह कीचड़ से सनी सड़क पर विरोध दर्ज कराने के लिए फूल माला लेकर खड़ा हो गया। पटवारी जब वहां पर पहुंचे और युवक को कीचड़ में खड़ा देखा तो उसे बाहर बुलाया। इस पर युवक खड़ा रहा और कीचड़ में ही पटवारी को बुलाता रहा। इसके बाद पटवारी साइड से निकलकर चले गए।

### भाजपा ने साधा निशाना

वायरल वीडियो पर भाजपा ने जीतू पटवारी पर निशाना साधा है। राऊ से भाजपा के प्रत्याशी मधु वर्मा हैं। भाजपा के कार्यकर्ता इस वीडियो को खूब शेयर कर रहे हैं और बता रहे हैं कि राऊ में कांग्रेस के शासन में कैसा विकास हुआ है।

## चुनाव के अंतिम दौर में निमाड़ की 28 सीटों पर लगा रहे दोनो दल जोर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **विधानसभा चुनाव के मतदान में छह दिन शेष है। प्रचार के अंतिम दौर में दोनो दलों ने निमाड़ की 28 सीटों पर फोकस कर लिया है। इन 28 सीटों में से 21 सीटे पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने जीत दर्ज कराई थी। कांग्रेस नेता चाहते है कि इस बार भी इन सीटों पर कांग्रेस का कब्जा बरकार रहे। इसलिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी शुक्रवार को निमाड़ की राजपुर सीट पर प्रचार करने पहुंचे और ओबीसी का मुद्दा उठाया।**

भाजपा और कांग्रेस जानती है कि मध्य प्रदेश की सत्ता की रास्ता मालवा निमाड़ से होकर जाता है। पिछले चुनाव में कांग्रेस का मालवा की तुलना में निमाड़ में बेहतर प्रदर्शन रहा था। निमाड़ की 21 पर कांग्रेस के उम्मीदवार जीते थे और दो पर कांग्रेस के बागी चुनाव जीते। बाद में उन्होंने कांग्रेस को ही समर्थन दिया।कांग्रेस निमाड़ की खंडवा, खरगोन, धार और झाबुआ जिले को अपना वोटबैंक मान रही है।

इन चार जिलों में एससी और एसटी की ज्यादातर सीटें है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी शनिवार को निमा की मनावर, गंधवानी, बदनावर सीट पर चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंचे। भाजपा को उम्मीद है कि इस बार धार और खरगोन जिले में भाजपा का पिछले चुनाव की तुलना में अच्छा प्रदर्शन रहेगा। खरगोन जिले की एक भी सीट पिछले विधानसभा में भाजपा जीत नहीं पाई थी।

### कांग्रेस को मालवा से उम्मीद

मालवा बेल्ट में कुल 38 सीटें है। मालवा में 38 में से कांग्रेस ने 13 सीट जीती थी और बाद में उपचुनाव में भी एक सीट कांग्रेस की बढ़ गई थी। इस तरह 38 में से 14 सीटों पर कांग्रेस का कब्जा है,जबकि भाजपा के कब्जे में 24 सीटें है।इस पर कांग्रेस को उम्मीद है कि भाजपा के विधायकों के खिलाफ एंटी इकमबेंसी फेक्टर रहेगा। उसका फायदा कांग्रेस को मिलेगा, हालांकि मालवा और निमाड़ में पिछला चुनाव जीते जिन विधायकों को कांग्रेस ने फिर उम्मीदवार बनाया है, उन्हें भी इस फेक्टर का सामना करना पड़ रहा है।

## लीगलएज लेगा 'क्लैट' उम्मीदवारों का 'स्कॉलरशिप टेस्ट'

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इन्दौर । **भारत के प्रमुख डिजिटल लर्निंग प्लेटफार्मों में से एक टॉप रैंकर्स के लीगल एज ने सार्थक पहल 'द ग्रैंड लर्निंग फेस्टिवल' के तहत महा स्कॉलरशिप टेस्ट की घोषणा की है। यह 10 से 15 नवंबर तक आयोजित होगा। इसके अंतर्गत टॉपरैंकर्स पर सभी उपलब्ध प्रोडक्ट पर 30 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।**

रैंकर्स के सह-संस्थापक और सीईओ गौरव गोयल ने बताया कि, स्कॉलरशिप परीक्षा दोपहर 12 से 10 बजे तक होगी। परीक्षा ऑनलाइन मोड में होगी, जिसमें छात्रों को उनकी क्षमता और कमजोरियों को जानने व समझने का मौका मिलेगा। उन्हें ऑनलाइन कानून प्रवेश परीक्षाओं के लिए बेहतर तैयारी सुनिश्चित करने के साथ कानून की प्रवेश परीक्षाओं पर 100 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप जीतने का मौका भी मिलेगा।

यह छात्रों के लिए क्लैट, आइलेट, एलसैट, सीयूईटी लॉ, एमएचसीईटी लॉ और एआईएलईटी सहित प्रतिष्ठित, बहु-कानून प्रवेश परीक्षाओं के लिए अपनी तैयारी के आकलन के एक उत्कृष्ट अवसर के रूप में भी काम करेगा। इससे परीक्षा की चिंता कम हो सकती है। आपके अनुसार फेस्टिवल में टॉप रैंकर्स के सब-ब्रांड जैसे क्रिएटिव एज, ज्यूडिशियरी गोल्ड, सुपरग्रैड्स और लीगलएज आफ्टर कॉलेज भी कई इवेंट आयोजित करेंगे। इसमें डिजाइन उम्मीदवारों के लिए एप्टीट्यूड मास्टर क्लास, मैनेजमेंट छात्रों के लिए करियर वेबिनार, स्कॉलरशिप परीक्षा आदि आकर्षक कार्यक्रमों की मेजबानी होगी। यह विभिन्न क्षेत्रों के छात्रों को व्यापक सीखने का अनुभव देगा और उन्हें करियर के बेहतर अवसरों के साथ पुरस्कृत भी करेगा। यह प्रतिष्ठित शिक्षकों, विशेषज्ञों और उद्योग पेशेवरों के अपने ज्ञान और अनुभवों को साझा करने का जरिया बनेगा। इसके अलावा प्रतिभागियों को इंटरेक्टिव सेशन का भी लाभ मिलेगा। आज तक लीगल एज ने 50 हजार से अधिक छात्रों को सशक्त बनाया है और इसके कुशल संकाय के पास 15 वर्ष से अधिक का अनुभव है। यह क्लैट 2023 परीक्षा में शीर्ष एआईआर 1, 2, और 3 रैंक हासिल करने वाले प्रतिभागियों को गौरवान्वित करता है।

# शाह बोले-मप्र में 3 परिवार

# कमलनाथ, बंटाढार और गांधी परिवार

### धार में कहा-ये बेटों को मुख्यमंत्री-प्रधानमंत्री बनाना चाहते हैं, आपके लिए क्या करेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**धार**। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शनिवार को मध्यप्रदेश के दौरे पर रहे। उन्होंने धार जिले के मनावर, बदनावर के बाद धार के किला मैदान में सभा की। शाह ने कहा, यदि 2024 में नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाना है तो 2023 में मध्यप्रदेश में बीजेपी की सरकार बनानी ही होगी।

इससे पहले बदनावर में शाह ने कहा, मप्र में तीन परिवार हैं, कमलनाथ, बंटाढार और राहुल गांधी का। हमारे यहां गुजरात में कहते हैं- तीन तिगाड़ा, काम बिगाड़ा।

वहीं, मनावर में शाह बोले, कमलनाथ के मन में नकुलनाथ को मुख्यमंत्री, सोनिया गांधी के मन में बेटे राहुल को प्रधानमंत्री बनाने की बात है। ये अपने बेटे-बेटी के लिए काम करने वाले देश का क्या भला करेंगे?



**बदनावर में शाह के भाषण की 4 खास बातें-** बंटाढार के शासन में रोड में गड्ढेः मप्र में बंटाढार के शासन के दौरान मैं गुजरात में रहता था। महाकाल के दर्शन करने जब मप्र आता था, जावरा आते ही धक्कों से नींद खुल जाती थी। मालूम ही नहीं पड़ता था, रोड में गड्ढे हैं, गड्ढे में रोड।

अयोध्या के दर्शन कराएंगेः मप्र में भाजपा सरकार आएगी तो हम सभी को अयोध्या के दर्शन कराएंगे। मोदीजी ने राम मंदिर, महाकाल लोक, काशी में कॉरिडोर, केदारधाम और मां विंध्यवासिनी के तीर्थ क्षेत्र बनाए। करतारपुर साहिब कॉरिडोर और कश्मीर में मां शारदा की पुण्य प्रतिष्ठा की।

भारतीय संस्कृति का सम्मान नहीं कियाः कांग्रेस तो रेलवे स्टेशन का नाम रानी कमलापति, राजा भोज के नाम पर मेट्रो, सागर में संत रविदास मंदिर का विरोध करती है। कांग्रेस ने कभी भारतीय संस्कृति का सम्मान नहीं किया। हमने ओंकारेश्वर में आदि शंकराचार्य की मूर्ति बनाकर हमारी संस्कृति को जीवित रखा।

भाजपा ने मध्यप्रदेश में विकास कियाः 10 साल में सोनिया-मनमोहन की सरकार ने मप्र ने 2 लाख करोड़ रुपए दिए। मोदीजी ने 6 साल में साढ़े 6 लाख करोड़ रुपए दिए। इसके अलावा 5 हजार करोड़ विकास के लिए दिए, जिससे एयरपोर्ट, नेशनल हाईवे और रेलवे स्टेशन बनाए गए। भाजपा ने मप्र में विकास किया।

---

### असम के सीएम बोले- ...

## मुख्यमंत्री नितिशकुमार ने खोया मानसिक संतुलन

### ◆ उनको आराम की जरूरत, कांग्रेस में नहीं सम्मान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नर्मदापुरम। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा शनिवार को नर्मदापुरम पहुंचे। जिले में होशंगाबाद-इटारसी विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर सीतासरन शर्मा के समर्थन में आमसभा को संबोधित किया।**

सभा में सीएम बिस्वा ने मोदी सरकार और शिवराज सरकार का जमकर गुणगान किया। कांग्रेस पार्टी पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कांग्रेस कपड़ा फाड़ने वाली पार्टी है। कांग्रेस में किसी का सम्मान नहीं है। आत्मसम्मान से रहने वाला व्यक्ति कांग्रेस में रह ही नहीं सकता। कांग्रेस में कभी कमलनाथ कहते है दिग्विजय सिंह का कपड़ा फाड़ों, तो कभी दिग्विजय सिंह कहते है कमलनाथ का कपड़ा फाड़ो। क्या कपड़ा फाड़ने वाली पार्टी में कोई आत्मसम्मान से रहने वाला व्यक्ति रह सकता है? जो नेता आज भाजपा छोड़ कांग्रेस में जा रहे। वे भी जल्दी ही भाजपा में लौट आएंगे। बिहार के सीएम नीतीश कुमार द्वारा महिलाओं पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर भी मीडिया के चर्चा में कटाक्ष किया। उन्होंने कहा सीएम नीतीशकुमार अपना मानसिक संतुलन खो चुके है। उन्हें आराम की जरूरत है।

---

### सागर में पूर्व सीएम कमलनाथ बोले...

# मप्र की जनता शिवराज सिंह को विदा कर रही है

### आप बहुत अच्छे एक्टर हैं, मुंबई जाइए और एक्टिंग करिए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के चलते शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ सागर पहुंचे। उन्होंने सागर सीट से कांग्रेस प्रत्याशी निधि जैन के समर्थन में नमक मंडी परिसर में सभा को संबोधित किया। उन्होंने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर निशाना साधते हुए कहा कि शिवराज सिंह कहते थे कि मैं एक लाख युवाओं को रोजगार दूंगा। तब मैंने उनसे कहा था कि आप एक लाख छोड़िए जो बैकलॉग और रिक्त पद पड़े हैं, उन्हें ही भर दीजिए। आपको शिवराज जी की नियत को समझना होगा।**



उन्होंने पिछले कुछ महीनों में ढाई हजार घोषणा करने का काम किया है और चुनाव के समय इनकी घोषणाओं की झूठ की मशीन डबल स्पीड से चलने लग गई। पूर्व सीएम कमलनाथ ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर तंज कसते हुए कहा कि शिवराज सिंह को मप्र की जनता विदा करेगी। लेकिन शिवराज सिंह जी परेशान मत होइए, जनता तो आपको मप्र से हटा रही है। आप तो बहुत अच्छे एक्टर हैं मुंबई जाइएगा और एक्टिंग करिएगा। साथ ही मप्र का नाम रोशन करिएगा। आप बेरोजगार नहीं रहेंगे। आपका तो मुंबई में रोजगार भी पक्का है।

**कांग्रेस सरकार ने सागर के 80 किसानों का कर्जा माफ किया था-** सभा में पूर्व सीएम कमलनाथ ने कहा कि 15 महीने की हमारी सरकार में 27 लाख किसानों का कर्जा माफ किया गया था। सागर में 80 हजार 500 किसानों का 355 करोड़ रुपए का कर्जा माफ किया था। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आते ही हम फिर से किसानों का कर्ज माफ करेंगे। हमारी सोच है कि किसानों की जेब में पैसा पहुंचे। वहीं भाजपा सरकार पर सवाल करते हुए कहा कि पिछले 18 सालों से बहनें लाड़ली नहीं थी, लेकिन चुनाव आते ही बहनें लाड़ली हो गईं। उन्हें लगता है की माता-बहनों को क्या जानकारी होगी। हम उन्हें प्रलोभन दे देंगे और वह हमें वोट दे देंगी। लेकिन मैं आपको बताना चाहता हूं कि कांग्रेस की सरकार आने पर हम महिलाओं को 1500 रुपए प्रति महीने सम्मान राशि देंगे। गैस का सिलेंडर 500 रुपए में देने का काम करेंगे। 17 तारीख को होने वाला चुनाव किसी पार्टी का चुनाव नहीं है। यह मध्य प्रदेश के भविष्य का चुनाव है और आप भविष्य के रक्षक हैं। आपको इसकी रक्षा करनी है।

---

## 14 को झाबुआ आएंगे पीएम मोदी

### हवाई पट्टी पर जनसभा को करेंगे संबोधित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**झाबुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 नवंबर को झाबुआ आएंगे। पीएम यहां हवाई पट्टी पर जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण सुराना ने बताया कि प्रधामंत्री की इस जनसभा में झाबुआ, अलीराजपुर सहित धारा जिले की विधानसभा क्षेत्र के लोग आएंगे।**

प्रधानमंत्री दोपहर 2:30 बजे सभा स्थल पर पहुंचेंगे। झाबुआ सभा के बाद प्रधानमंत्री इंदौर के लिए रवाना हो जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झाबुआ जिले तीन विधानसभा क्षेत्र झाबुआ, थांदला और पेटलावद, आलीराजपुर की आलीराजपुर और जोबट विधानसभा क्षेत्र, धारा जिले से विधानसभा क्षेत्र धारा और सरदारपुर के लोग इस सभा में आएंगे। इस जनसभा में सातों विधानसभा से 60 हजार से अधिक लोगों की आने की उम्मीद हैं।

---

## कमलनाथ ने अपने निवास पर मनाई धनतेरस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने अपने निवास शिकारपुर में दीपक जलाकर धनतेरस मनाई इस दौरान उनके पुत्र सांसद नकुलनाथ ने भी दीपक जलाया और पूजा अर्चना के साथ धनतेरस त्यौहार मनाया। दरअसल धनतेरस पर्व के मौके पर कमलनाथ अपने निवास शिकारपुर पर धनतेरस पर मनाते नजर आए। वहीं सांसद नकुलनाथ की धर्मपत्नी प्रियानाथ ने भी धनतेरस पर्व पर छिंदवाड़ा के बाजार में खरीदारी की तथा उन्होंने बाजार से मां लक्ष्मी की प्रतिमा लेकर आई।**

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के साथ अन्य कांग्रेस के नेता भी धनतेरस पर्व के मौके पर शिकारपुर निवास पर मौजूद थे। कमलनाथ निवास को रोशनी से सजाया गयादीपावली पर्व को लेकर शिकारपुर को रोशनी से सजाया गया है। यहां तरह-तरह की लाइटिंग लगाई गई है, वहीं चुनाव के मौसम में त्योहार की रौनक भी शिकारपुर में देखी जा रही है। दीपावली के त्यौहार के बीच संसद नकुलनाथ और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के द्वारा त्यौहार मनाए जाने के वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं।

---

## लिफ्ट में फंसी बच्ची की गर्दन, दर्दनाक मौत

**नीमच**। नीमच के कैंट थाना क्षेत्र में 12 साल की बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा जवाहर नगर में हुआ। यहां के लोक्स टावर के पास रहने वाले पप्पू बालानी के मकान में कुछ बच्चे खेल रहे थे। इसी दौरान परिवार की ही बेटी रिद्धि खेलते हुए घर में लगी लिफ्ट में चली गई। इस दौरान बालिका की गर्दन लिफ्ट में फंस गई। इसके बाद घर में चीख-पुकार मच गई। परिजनों ने काफी प्रयास के बाद बच्ची को बाहर निकाला। तुरंत घायल बच्ची को निजी अस्पताल में ले जाया गया, लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद जवाहर नगर में मातम छा गया। इस हादसे की सूचना शहर में आग की तरह फैल गई।

Uttarakhand

# दिवाली के दिन उत्तराखंड में आई आपदा, उत्तरकाशी में बन रही टनल टूटी; 20 से अधिक मजदूर अंदर फंसे

**उत्तरकाशी, (एजेंसी) उत्तराखंड में एक बार फिर चमोली के बाद दिवाली के दिन उत्तरकाशी में दर्दनाक हादसा हुआ है। यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर निर्माणाधीन टनल के टूटने की सूचना है। नेशनल हाईवे पर सिलक्यारा से डंडालगांव तक नवयुगा कंपनी की निर्माणाधीन टनल टूटी है।**

शनिवार देर रात टनल टूटने की सूचना है। निर्माणाधीन टनल के टूटने की वजह से करीब 20-25 मजदूरों के अंदर फंसे हैं। बताया जा रहा है की सिलक्यारा की और 200 मीटर पर मलबा आया है। काम कर रहे सभी मजदूर इसके अंदर 800 मीटर की दूरी पर फंसे हुए हैं। टनल के अंदर फंसे मजदूरों को ऑक्सीजन पाइप से ऑक्सीजन दी जा रही है। फिलहाल, किसी के हताहत की सूचना अभी तक नही है। घटना के सूचना मिलते



ही जिला मुख्यालय से राहत और बचाव दलों को दुर्घटना स्थल के लिए भेज दिया गया है। राहत व बचाव कार्य जारी है। उत्तराखंड के चमोली जिले में भी 2021 में टनल में मजदूर फंस गए थे। तपोवन सुरंग में मजदूर फंसे थे। सुरंग से मलबा साफ करने को जेसीबी के साथ डम्पर भी लगाए गए थे, लेकिन कई दिनों की मशक्कत के बाद भी जिला प्रशासन को कोई सफलता हाथ नहीं लगी थी।

Uttarpradesh

## कारोबारी को लूटने वाले इनामी बदमाश फारुख को पुलिस ने एनकाउंटर में किया ढेर, ड्राइवर ने रची थी साजिश

**मथुरा, (एजेंसी)** यूपी के मथुरा में एक व्यापारी की पत्नी की हत्या और लूट के आरोपी को पुलिस ने एनकाउंटर में ढेर कर दिया. 50,000 रुपये के इनामी बदमाश फारुख ने कारोबारी की पत्नी की हत्या कर लूट की वारदात को अंजाम दिया था.

रिपोर्ट के मुताबिक मारे गए बदमाश फारुख ने मोहसीन (ड्राइवर) के साथ मिल कर 4 नवंबर की देर रात को गुरु कृपाविलास कॉलोनी में कारोबारी कृष्ण कुमार अग्रवाल की पत्नी कल्पना अग्रवाल की हत्या कर दी थी और उन्हें भी बुरी तरह पीटा था. इसके बाद ये बदमाश घर में रखा कैश और ज्वेलरी लेकर फरार हो गए थे. हैरानी की बात ये है कि फारुख ने जिस मोहसीन के साथ मिलकर इस लूट की वारदात को अंजाम दिया था वो कारोबारी कृष्ण कुमार अग्रवाल का ड्राइवर था. ड्राइवर मोहसीन के साथ मिलकर फारुख ने लगभग 20 दिनों पहले इस घटना को अंजाम देने की योजना बनाई थी. इस काम के लिए ड्राइवर ने लगभग पंद्रह दिन पहले घर के मुख्य दरवाजे की चाभी चुराई थी. 3 नवंबर की शाम को जब ड्राइवर मोहसीन कृष्ण कुमार अग्रवाल को वृंदावन स्थित उनके दुकान से लेकर लाया था.

Himachal

## बर्फबारी से पर्यटन कारोबार को मिलेगी संजीवनी, सैलानियों की संख्या बढ़ने की उम्मीद

**शिमला, (एजेंसी)** ताजा बर्फबारी से हिमाचल में पर्यटन कारोबार को संजीवनी मिली है। पर्यटक वाहनों पर प्रदेश सरकार की ओर से लगाए गए दोहरे टैक्स के बाद बीते दो महीनों से कम संख्या में ही सैलानी प्रदेश के पर्यटन स्थलों का रुख कर रहे हैं। रोहतांग पास, लाहौल-स्पीति, चांशल सहित अन्य पर्यटन स्थलों पर अच्छी बर्फबारी के बाद सैलानियों की संख्या बढ़ने की संभावना है। दोहरे टैक्स की मार से दुर्गा पूजा टूरिस्ट सीजन बुरी तरह पिटने के बाद दिवाली की छुट्टियों में भी कम संख्या में ही सैलानियों ने हिमाचल का रुख किया। हालांकि सरकार ने अब दोहरे टैक्स में भारी कटौती कर 3000 रुपये प्रति दिन से घटाकर 500 रुपये प्रतिदिन कर दिया है, लेकिन सरकार की ओर से दी गई इस राहत की जानकारी बाहरी राज्यों के पर्यटकों और ट्रेवल एजेंटों तक नहीं पहुंच पाई है।

New Delhi

## नहीं टूटी परंपरा, हिमाचल के लेप्चा में PM मोदी ने जवानों के साथ मनाई दिवाली

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** बीते आठ साल की तरह इस साल भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय सेना के जवानों के साथ दिवाली मनाई। रविवार सुबह जवानों के साथ दिवाली मनाने के लिए वह हिमाचल प्रदेश के लेप्चा पहुंचे। पीएम मोदी ने एक्स पर इसकी जानकारी देते हुए लिखा, 'हमारे बहादुर सुरक्षा बलों के साथ दिवाली मनाने के लिए हिमाचल प्रदेश के लेप्चा पहुंचे।' आपको बता दें कि बतौर प्रधानमंत्री यह उनकी 9वीं दिवाली है। 2014 में सत्ता में आने के बाद से पीएम मोदी दिवाली मनाने के लिए सुरक्षा बलों के कैंप का दौरा कर रहे हैं। यह सैनिकों के साथ मनाने वाली उनकी नौवीं दिवाली है। 2014 में पीएम मोदी ने सियाचिन में सुरक्षा बलों



के साथ दिवाली का यह त्योहार मनाया था। अगले वर्ष उन्होंने 1965 के युद्ध में भारतीय सेना की सफलताओं का सम्मान करने के लिए पंजाब में तीन स्मारकों का दौरा किया। 2016 में वह चीन सीमा के पास सैनिकों से मिलने के लिए हिमाचल प्रदेश गए और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी), डोगरा स्काउट्स और सुमदोह में सेना के जवानों के साथ समय बिताया।

खेल

# डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड टीम तीन मैच जीतकर वर्ल्ड कप 2023 से हुई बाहर

### पाकिस्तान को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी के लिए किया क्वॉलिफाई



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** सेमीफाइनल की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुके गत चैंपियन इंग्लैंड ने आईसीसी वनडे विश्व कप के अपने अंतिम लीग मैच में शनिवार को पाकिस्तान को 93 रन से शिकस्त देकर अपने निराशाजनक अभियान का जीत से अंत करने के साथ ही 2025 में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में अपनी जगह सुरक्षित की। इंग्लैंड की टीम का वर्ल्ड कप 2023 में प्रदर्शन बेहद खराब रहा। टीम के ज्यादा खिलाड़ी फॉर्म में नहीं दिखे। इंग्लैंड को नीदरलैंड जैसी कमजोर टीम ने उलटफेर का शिकार बनाया था। डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड को लगातार पांच मैचों में हार का सामना करना पड़ा था।

इंग्लैंड ने इस तरह से नौ मैच में छह अंक लेकर अपने अभियान का अंत किया। वह अंक तालिका में सातवें स्थान पर रहा। विश्व कप में शीर्ष आठ में रहने वाली टीमें चैंपियंस ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई करेंगी। पाकिस्तान पांचवें स्थान पर रहा लेकिन उसने मेजबान होने के कारण चैंपियंस ट्रॉफी के लिए स्वतः ही क्वालीफाई कर लिया था। इस मैच के बाद यह भी तय हो गया कि भारत सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से भिड़ेगा, जबकि दूसरा सेमीफाइनल ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच होगा।

इंग्लैंड ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 337 रन का मजबूत स्कोर बनाया। पाकिस्तान की टीम इसके जवाब में 43.3 ओवर में 244 रन बनाकर आउट हो गई। इंग्लैंड की तरफ से बेन स्टोक्स (76 गेंदों पर 84 रन), जॉनी बेयरस्टो (61 गेंदों में 59 रन) और जो रूट (72 गेंदों में 60 रन) ने अर्धशतक लगाए। पाकिस्तान की तरफ से तेज गेंदबाज हारिस राउफ ने 64 रन देकर तीन जबकि शाहीन शाह अफरीदी और मोहम्मद वसीम ने दो-दो विकेट लिए।

पाकिस्तान के बल्लेबाजों ने अच्छी शुरुआत की लेकिन कोई भी उसे बड़े स्कोर में नहीं बदल पाया। उसकी तरफ से आगा सलमान ने 45 गेंद पर 51 रन बनाए। डेविड विली इंग्लैंड के सबसे सफल गेंदबाज रहे। इस टूर्नामेंट के बाद संन्यास लेने वाले इस तेज गेंदबाज ने 56 रन देकर तीन विकेट लिए। उनके अलावा गस एटकिंसन, मोईन अली और आदिल राशिद ने दो-दो विकेट हासिल किए।

पाकिस्तान को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए 6.4 ओवर में लक्ष्य हासिल करना था लेकिन इस मुकाम तक वह 30 रन ही बना पाया और इस बीच उसने अपने दोनों सलामी बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक (00) और फखर जमां (01) के विकेट भी गंवा दिए थे। इन दोनों को डेविड विली ने आउट किया।

सिनेमा

## जवान-पठान की एडवांस बुकिंग के सामने फीकी पड़ी टाइगर 3



सलमान खान, कटरीना कैफ और इमरान हाशमी की टाइगर 3 ने दिवाली के खास मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक दी है। सलमान की ये फिल्म शुक्रवार को रिलीज न होकर रविवार को हुई है, जिससे इसको वीकेंड का फायदा कम मिलता दिख सकता है। फिल्म की एडवांस बुकिंग अच्छी है लेकिन शाहरुख खान की जवान और पठान से काफी कम है। इस रिपोर्ट में आपको टाइगर के अगले 6 दिनों तक की एडवांस बुकिंग का बताएंगे और साथ ही बताएंगे कि जवान-पठान की कुल एडवांस बुकिंग कितनी थी।

### कैसी है टाइगर की एडवांस बुकिंग रिपोर्ट

टाइगर 3 ने आज सिनेमाघरों में दस्तक दे दी है और फिल्म को सोशल मीडिया यूजर्स से मिक्स रिस्पॉन्स मिल रहा है। सैकनिल्क की एक रिपोर्ट के मुताबिक टाइगर 3 ने अभी तक आने वाले 6 दिनों में कुल 37.90 करोड़ रुपये की एडवांस बुकिंग की है। ये कमाई 15.07 लाख टिकट्स से हुई है।

पहला दिनः 22.97 करोड़ रुपये (8.77 लाख टिकट)
दूसरा दिनः 8.72 करोड़ रुपये (3.13 लाख टिकट)
तीसरा दिनः 3.2 करोड़ रुपये (1.4 लाख टिकट)
चौथा दिनः 1.67 करोड़ रुपये (90 हजार टिकट)
पांचवां दिनः 1.15 करोड़ रुपये (69 हजार टिकट)
छठवां दिनः 19 लाख रुपये ( 17 हजार टिकट)

## संपादकीय

# पाकिस्तान की फितरत

अगर बिना किसी वजह के पाकिस्तान की ओर से लगातार हरकतों के बाद भारत उसे उकसावे की कार्रवाई बताए और इस पर उचित प्रतिक्रिया दे, तब इसे कैसे देखा जाएगा! मगर भारत अपनी ओर से अधिकतम स्तर तक धीरज कायम रखता है और पाकिस्तान के चरित्र और उसकी हरकतों के बारे में संयुक्त राष्ट्र को बताता है। यह एक जगजाहिर तथ्य है कि कई आतंकी संगठन पाकिस्तान स्थित ठिकानों से अपनी गतिविधियां संचालित करते हैं। पाकिस्तान ने सीमा पर अपनी जिस तरह की हरकतें जारी रखी हुई हैं, उससे उसकी मंशा साफ नजर आ रही है। हालांकि यह एक तरह से उसकी फितरत बन गई है कि वह नाहक ही भारत को उकसाने के लिए कभी भारतीय सीमा में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने वालों को संरक्षण देता है तो कभी घुसपैठ करने में मदद करता है। भारत आमतौर पर ऐसी समस्या से अपने स्तर पर निपटता है और आतंकवाद का सामना करता है। लेकिन भारत की इसी सहनशीलता का फायदा पाकिस्तान उठाने की कोशिश करता है। अब उसका दुस्साहस इस कदर बढ़ चुका है कि बिना किसी उकसावे के वह भारतीय सीमा में नाहक ही गोलीबारी करना शुरू कर देता है। यानी एक तरह से युद्ध जैसे हालात पैदा करने की कोशिश करता है। बुधवार को देर रात जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले के रामगढ़ सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास पाकिस्तानी रेंजरों ने बेवजह ही गोलीबारी शुरू कर दी। इसका सीमा सुरक्षा बल यानी बीएसएफ के जवानों ने मुंहतोड़ जवाब दिया। मगर पाकिस्तानी गोलीबारी की जद में आने की वजह से एक हेड कांस्टेबल की मौत हो गई।यह कोई पहली बार नहीं है जब पाकिस्तान ने इस तरह की बेलगाम और अराजक हरकत की हो। फिलहाल द्विपक्षीय सहमति के बावजूद पिछले चौबीस दिनों में यह तीसरी बार है जब अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तान की ओर से नियमों को ताक पर रख कर युद्ध विराम का उल्लंघन किया गया। गौरतलब है कि 25 फरवरी 2021 को भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम समझौते पर हस्ताक्षर किया गया था। तब से बिना किसी उकसावे के पाकिस्तान की सीमा के भीतर से भारत की ओर नाहक गोलीबारी की यह छठी घटना है। हाल ही में जम्मू के अरनिया और सुचेतगढ़ सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तान ने करीब सात घंटे तक लगातार गोलीबारी की थी। तब भी बीएसएफ के जवानों ने उसका मुंहतोड़ जवाब दिया था। मगर बार-बार मुंह की खाने और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर आए दिन बुरी तरह फजीहत होने के बावजूद पाकिस्तान अपनी आदत से बाज आने को तैयार नहीं है। दुनिया के ताकतवर देशों के सामने और संयुक्त राष्ट्र के मंचों पर वह भारत पर अंगुली उठाता रहता है, मगर पड़ोसी देशों के साथ संबंधों और सीमा पर स्थिति को लेकर अंतरराष्ट्रीय नियम-कायदों का खयाल रखना उसे कभी जरूरी नहीं लगता। हैरानी की बात यह है कि पाकिस्तान आए दिन दुनिया भर में खुद को एक पीड़ित देश के रूप पेश करता रहता है और भारत पर निराधार आरोप लगाता है, मगर सीमा पर नाहक गोलीबारी की लगातार घटनाओं के बावजूद न तो उसे किसी को इसका कारण बताने की जरूरत महसूस होती है और न ही वह इस बारे में कोई सफाई देता है।

### पांच राजयोग के साथ इस शुभ मुहूर्त में होगी

# दिवाली पर लक्ष्मी पूजा

### वर्षों बाद बना ऐसा संयोग



इस साल 12 नवंबर को दीपावली है। हिंदू पंचांग के अनुसार कार्तिक माह की अमावस्या तिथि पर पूरे देशभर में दिवाली का पर्व बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है। दिवाली पर लक्ष्मी पूजन का विशेष महत्व होता है। दिवाली की तैयारियां कई दिनों पहले से होने लगती है। दिवाली पर पूरे घर को दीयों और रंगबिरंगी लाइटों से सजाया जाता है। हर वर्ष दीपोत्सव का पर्व 5 दिनों तक मनाया जाता है। धनतरेस से दिवाली का त्योहार शुरू हो जाता है और फिर इसके बाद नरक चतुर्दशी जिसे छोटी दिवाली भी कहते हैं मनाया जाता है। इसके बाद दिवाली फिर अगले दिन गोवर्धन पूजा और आखिरी दिन भाई दूज का त्योहार आता है। वैदिक ज्योतिष शास्त्र की गणना के मुताबिक इस साल दीपावली बहुत ही खास रहेगी, क्योंकि कई दशकों के बाद दिवाली पर एक साथ कई शुभ योग और राजयोग का निर्माण हुआ है।

## दिवाली 2023 और शुभ योग

दिवाली का त्योहार कार्तिक माह के अमावस्या तिथि पर मनाने का विधान होता है। दिवाली पर लक्ष्मी-गणेश पूजन का काफी महत्व होता है। दिवाली पर लक्ष्मी पूजा के लिए प्रदोष काल का समय सबसे अच्छा माना जाता है। दिवाली पर अमावस्या तिथि 12 नवंबर को दोपहर करीब 2 बजकर 30 मिनट पर शुरू हो जाएगी। वैदिक ज्योतिष शास्त्र की गणना के मुताबिक दिवाली की शाम के समय जब लक्ष्मी पूजा होगी उसी दौरान 5 राजयोग का निर्माण भी होगा। इसके अलावा आयुष्मान, सौभाग्य और महालक्ष्मी योग भी बनेगा। इस तरह से दिवाली 8 शुभ योगों में मनाई जाएगी।ज्योतिषाचार्यों का मनाना है कि दीपावली पर इस तरह का शुभ योग कई दशकों के बाद बना है। ऐसे में इस शुभ योग में दिवाली सभी के लिए सुख-समृद्धि और मंगलकामना साबित होगी।

## दीपावली पर 5 राजयोग

इस साल दिवाली पर एक साथ 5 राजयोग देखने को मिलेगा। ये 5 राजयोग गजकेसरी, हर्ष, उभयचरी, काहल और दुर्धरा नाम के होंगे। इन राजयोगों का निर्माण शुक्र, बुध, चंद्रमा और गुरु ग्रह स्थितियों के कारण बनेंगे। वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार गजकेसरी योग को बहुत ही शुभ माना जाता है। यह योग मान-सम्मान और लाभ देने वाला साबित होता है। वहीं हर्ष योग धन में वृद्धि और यश दिलाता है। जबकि बाकी काहल ,उभयचरी और दुर्धरा योग शुभता और शांति दिलाता है। वहीं कई सालों बाद दिवाली पर दुर्लभ संयोग भी देखने को मिलेगा जब शनि अपनी स्वयं की राशि कुंभ में विराजमान होकर शश महापुरुष राजयोग का निर्माण करेंगे। इसके अलावा दिवाली पर आयुष्मान और सौभाग्य योग का निर्माण भी होगा।

## 12 नवंबर को सुबह चतुर्दशी और दोपहर बाद अमावस्या तिथि

इस वर्ष छोटी और बड़ी दिवाली दोनों ही एक दिन यानी 12 नवंबर को ही मनाई जाएगी। पंचांग के अनुसार 12 नवंबर को सुबह तक रूप चौदस रहेगी फिर दोपहर ढाई बजे के बाद कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि शुरू हो जाएगी। शास्त्रों के अनुसार दिवाली पर लक्ष्मी पूजन हमेशा अमावस्या की रात को होती है। इस वजह से दीपावली पर लक्ष्मी-गणेश की पूजा 12 नवंबर को रात को होगी। अमावस्या तिथि 13 नवंबर को दोपहर 3 बजे तक ही रहेगी।

कार्तिक माह की अमावस्या तिथि पर दिवाली का त्योहार मनाया जाता है। इस बार कार्तिक महीने की अमावस्या तिथि 12 और 13 नवंबर दोनों ही दिन रहेगी, लेकिन दिवाली का त्योहार 12 नवंबर को ही मनाया जाएगा। 12 नवंबर को दोपहर अमावस्या तिथि शुरू हो जाएगी ऐसे में रविवार की रात को ही लक्ष्मी पूजन के साथ दिवाली का त्योहार मनाया जाएगा। दरअसल हिंदू धर्म शास्त्रों में बताया गया है कि दिवाली पर लक्ष्मी पूजा हमेशा ही अमावस्या तिथि और प्रदोष काल के संयोग में ही करना चाहिए। इस कारण से 12 नवंबर को ही शुभ दीपावली मनाई जाएगी।

## दिवाली पर लक्ष्मी-गणेश पूजा का मुहूर्त- 12 नवंबर 2023

लक्ष्मी पूजा मुहूर्तः शाम 05 बजकर 40 मिनट से शाम 07 बजकर 36 मिनट तक।
अवधिः 01 घंटा 54 मिनट
प्रदोष काल- 05:29 से 08:07 तक
वृषभ काल- 05:40 से 07 :36 तक
दिवाली महानिशीथ काल पूजा मुहूर्त
लक्ष्मी पूजा मुहूर्त- 11:39 से 12:31 तक
अवधि- 52 मिनट
महानिशीथ काल- 11:39 से 12:31 तक
सिंह काल- 12:12 से 02:30 तक
दिवाली शुभ चौघड़िया पूजा मुहूर्त
अपराह्न मुहूर्त (शुभ)- 01:26 से 02:47 तक
सायंकाल मुहूर्त (शुभ, अमृत, चल)- 05:29 से 10:26 तक
रात्रि मुहूर्त (लाभ)- 01:44 से 03:23 तक
उषाकाल मुहूर्त (शुभ)- 05:02 से 06:41 तक

## Highlights

- **Furnish evidence I created the crisis, says Kerala Governor**
- **Facing discrimination, gender-based isolation: Kerala's first transgender lawyer**
- **Reading the mood of Dalits and Muslims — keys to Telangana verdict**
- **Video shows air pollution in Delhi before & after rainfall**
- **Kerala police summon actor Suresh Gopi over indecency complaint**
- **CJI inaugurates 'Mitti Cafe' run by differently-abled people in Supreme Court**

# Diwali Muhurat Trading 2023: What to expect today

**NEW DEIHI, (Agency).** Diwali Muhurat Trading 2023: Leading stock exchanges BSE and NSE are set to hold a one-hour special 'Muhurat' Trading session - a revered tradition - on the occasion of Diwali on Sunday evening. It is considered to be an auspicious window for stock market activity. The session, inclusive of a 15-minute pre-market segment, will occur from 6 pm to 7.15 pm.

The special symbolic trading session will mark the beginning of a new 'Samvat 2080' - that marks the beginning of a new Hindu year or Vikram Samvat. This ritual is said to bring wealth and prosperity throughout the year.

What to expect from the Diwali Muhurat trading session?

Various segments, including equity, commodity derivatives, currency derivatives, equity futures and options, and securities lending and borrowing (SLB), will be open during this time slot for the 'Muhurat' trading session.



The market is expected to be mostly bullish as people are emotion-driven rather than the number on this day.

Since many people are calculating the new fiscal year during Diwali, businesses of all sizes are expected to buy and sell stock options.

During this session, is believed that trading can bring wealth and success.

Last year, both the Sensex and Nifty indices rose by 0.88% during the one-hour trading session, while in 2021 they each gained 0.49%.

What happens during Muhurat? All about the 5 stages:

The trading session comprises five sessions - Block deal, pre-open, main trading, call auction, and closing session.

Block deal session is the first phase in which traders commit to buying or selling stocks at a fixed price and inform the stock exchange about it.

Pre-open session is where the stock exchange determines the opening price based on supply and demand. This usually takes place for around eight minutes.

The main trading window is the key part of the Muhurat trading which lasts for approximately one hour.

# Diwali Muhurat Trading 2023: Top things to know

**NEW DEIHI, (Agency).** The Bombay Stock Exchange (BSE) and National Stock Exchange (NSE), as per the customary ritual on Diwali every year, will conduct a special one-hour trading session in the evening known as 'Muhurat trading'. While the market would be closed, the BSE and the NSE will be open for one hour. This year, the Muhurat trading session would be held between 6pm and 7:15pm on Sunday.

What is Muhurat Trading?-0



Muhurat Trading, a revered tradition, is a one-hour auspicious window on Diwali for stock market activity. The symbolic ritual, aligned with theNewYear'scommencement according to Hindu calendar, known as Samvat. Scheduled during the time of Goddess Laxmi Puja on Diwali, it is believed to bring wealth and prosperity to investors engaging in trading during this period.

Date and timing- According to notices from BSE and NSE, the symbolic trading session, including the 15-minute pre-market segment, will be held between 6pm and 7:15pm on Sunday on the occasion of Diwali. Several segments, including equity, commodity derivatives, currency derivatives, equity futures and options, and securities lending & borrowing (SLB), will be open during this time slot.

# नाना के घर आए तीन साल के मासूम की मौत

## ◆ कचरा जलाने के दौरान झुलस गया था

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

इंदौर। **लसूडिया इलाके में तीन साल के बच्चे की जलने से मौत हो गई। बताया जाता है कि वह अपने नाना नानी के घर आया था। उसके छोटे नाना ने कचरा जलाया, जिसमें बारूद का कचरा भी था। बताया जाता है कि बच्चा वहां खेलते हुए पहुंचा। जिसमें वह झुलस गया। इसके बाद उसे उपचार के लिये एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां उसकी शनिवार को मौत हो गई।**

पुलिस के मुताबिक सार्थक पिता नीरज माखीजा निवासी अशोक नगर एरोड्रम को 20 अक्टूबर को एमवाय अस्पताल में भर्ती किया गया। पिता ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह अपने नाना-नानी के यहां सैटेलाइट जंक्शन में था। यहां सफाई के बाद छोटे नाना ने घर के सामने पड़े कचरे में आग लगा दी। बच्चा खेलते हुए आग के पास पहुंचा। जिसमें बारूद होने से अचानक धमाका हुआ। इस दौरान बच्चा झुलस गया।

परिवार ने बताया कि सार्थक के नाना के साड़ू भाई का बेटा इसी मकान में पटाखे बनाता था। हालांकि कुछ दिन पहले उससे कमरा खाली करा लिया। दीपावली के चलते इसी कमरे की साफ सफाई में निकला कचरा सामने प्लाट पर जलाया गया। जिसमें बारूद भी थी। सार्थक के नाना घर से दस फीट दूर इसी कचरे को जला रहे थे। वहां सार्थक अपने नाना के साथ बाहर ही था। इसी दौरान अचानक आग भभकी। इस दौरान बच्चा बुरी तरह उससे झुलस गया।

सार्थक के पिता ग्राफिक्स का काम करते हैं। वह अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। परिवार के लोगों ने बताया कि दिसंबर में उसका बर्थडे आने वाला था। पिछले दो माह से पारिवारिक विवाद के चलते पिता ने बेटे और पत्नी को मायके छोड़ दिया था।

# पूर्व नौकर ने की थी वारदात

## शातिर नकबजनो से 35 लाख के जेवरात व 4 लाख के नगदी सहित कुल 39 लाख का माल बरामद

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। पुलिस थाना एमजी रोड क्षेत्र अंतर्गत फरियादी शिवंम पिता संतोष वाघले उम्र 33 साल नि.1/1 काछी मोहल्ला इन्दौर के घर मे घुस कर अज्ञात चोरो व्दारा रात्री मे 35 लाख के जेवरात व 4 लाख के नगद बरामद कुल 39 लाख माल चोरी कर ले गये । टीम ने दौराने विवेचना सदिग्धो के बारे मे पता किया गया पूर्व नौकर नरेश का नाम सामने आया जिसके बारे में पता करने पर ज्ञात हुआ कि उक्त नौकर पूर्व में वर्ष 2019 में जेबरात चोरी में थाना एमआईजी इन्दौर में बन्द हो चुका है तकनीक आधार पर टीम व्दारा नरेश की तलाश उसके गावं चांसदा कुराबड उदयपुर राजस्थान में की गई बाद नरेश से सख्ती से पुछताछ की गई जिसमे बताया कि उसने अपनी साथी भरत प़टेल के साथ चोरी करने बताया । तथा चोरी किया माल नरेश के भाई ईश्वर लाल को देना बताया । दोनो आरोपी भरत पटेल व ईश्वरलाल थाना कुराबड उदयपुर राज. को गिरफ्तार किया गया तथा आरोपियों से चोरी गया माल हीरे का हार किमत ( 15 लाख करीब ), 01 सोने का बडा मंगलसुत्र ( 10 लाख करीब), 1 कोरेल एवं सोने का मंगलसुत्र ,1 छोटा सोने का मंगल सूत्र,1 हीरे की चूडी , 1 हीरे की अंगूठी , सोने के आभूषण कुल आभूषण करीबन 35 लाख कुल मश्रुका 39 लाख बरामद किया गया । पुलिस आयुक्त नगरीय इन्दौर व्दारा उक्त सराहनीय कार्य हेतु उपरोक्त टीम को 30000/- रुपए की नगद पुरस्कार से पुरस्कृत करने की घोषणा की गई हैं।

# अवैध शराब की तस्करी करने वाले तीन आरोपी धराए

## 11 पेटी अवैध शराब व लोडिंग रिक्शा बरामद

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। शहर में अपराध पर नियंत्रण हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन में क्राईम ब्रांच इंदौर पुलिस के द्वारा शहर में अवैध शराब की तस्करी, अवैध मादक पदार्थ सबंधी प्रकरणो में आरोपियों की धरपकड लगातार की जा रही हैं । इसी अनुक्रम में क्राईम ब्रांच की टीम को मुखबिर की सूचना प्राप्त हुई थी कि थाना भंवरकुआ क्षेत्र में अवैध शराब की तस्करी हो रही हैं मुखबिर की सूचना पर विश्वास कर मुताबिक योजना के घेराबंदी कर आरोपी शंकर सिंह भूरिया नि. राहुल गाँधी नगर इंदौर (2).सुमित पुराणिक नि. सोम शिखर अपार्टमेंट सिलिकॉन सिटी इंदौर इकबाल हुसैन नि. कोहिनूर कॉलोनी आजाद नगर इंदौर को पकडा जिनके कब्जे से 11 पेटी अवैध शराब व लोडिंग रिक्शा बरामद की गई।

## दोपहिया वाहन चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर**। क्राईम ब्रांच की टीम को मुखबिर से प्राप्त सूचना पर थाना चंदन क्षेत्र से 1 संदिग्ध आरोपी मुकेश गिरी (गोस्वामी) नि. प्रजापत नगर द्वारिकापुरी इंदौर को पकड़ा गया। आरोपी से पूछताछ करने पर आरोपी ने इंदौर शहर के थाना चंदन नगर से मोटर साइकिल चोरी करना बताया आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस रिमाण्ड लिया गया पुलिस रिमाण्ड के दौरान आरोपी से 10 दो पहिया वाहन जो इंदौर शहर के थाना चंदन नगर, थाना द्वारकापुरी , थाना अन्नपूर्णा, थाना बेटमा, थाना हातोद, थाना एरोड्रम क्षेत्र से कुल 10 दो पहिया वाहन ओर चोरी करना बताया, इस प्रकार आरोपी से कुल 11 दो पहिया वाहन जप्त किए गए। उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से इंदौर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र से चोरी की गई कुल 11 मोटरसाइकिल (कीमती करीबन 6 लाख रुपए) बरामद की गई है ।

## कैरी बैग के 10 रुपए वसूले,उपभोक्ता फोरम में लगाया केस ...

# कस्टमर को देना होंगे 11 हजार, 3 साल में आया फैसला

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। कैरी बैग के 10 रुपए अलग से वसूलना ब्रांड फैक्ट्री को महंगा पड़ गया। कस्टमर ने उपभोक्ता फोरम में केस लगाया और 3 साल बाद अब कोर्ट ने कस्टमर के पक्ष में फैसला सुनाया है। ब्रांड फैक्ट्री को सेवा में कमी के रूप में 10 हजार रुपए और केस लडऩे में आए 1 हजार खर्च सहित कुल 11 हजार रुपए कस्टमर को देने का आदेश दिया है।

मामला 4 जनवरी 2020 का है। फरियादी योगेश कुमार मिश्रा (42), निवासी सूर्यदेव नगर, फूटी कोठी चौराहा स्थित ब्रांड फैक्ट्री के आउटलेट पर गए थे। उन्होंने ली-कूपर कंपनी के फुट वेयर (शूज) और अन्य सामान 1 हजार 840 रुपए का खरीदा था। सामान ले जाने के लिए उन्होंने कैरी बैग की मांग की तो कंपनी ने लाल कलर का पेपर बैग दिया, जिसके 10 रुपए वसूले।

बैग पर कंपनी का विज्ञापन भी था, जो कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के अंतर्गत सेवा के विरुद्ध था। साथ ही माल विक्रय अधिनियम के प्रावधानों के भी खिलाफ था। फरियादी योगेश ने कैरी बैग के रुपए लेने और प्रचार करवाने पर आपत्ति ली लेकिन सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने वहां मौजूद कर्मचारियों से कहा कि कोई चीज अगर ग्राहक खरीदता है तो ये ब्रांड फैक्ट्री की जिम्मेदारी है कि वो निःशुल्क कैरी बैग उपलब्ध करवाए। अगर बैग का शुल्क ले रहे हैं तो उस पर कंपनी का विज्ञापन नहीं होना चाहिए। बाद में उन्होंने वकील के माध्यम से 16 अक्टूबर 2020 को एक नोटिस ब्रांड फैक्ट्री को भिजवाया लेकिन नोटिस का जवाब जब संतोषजनक नहीं मिला तो उन्होंने उपभोक्ता फोरम में ब्रांड फैक्ट्री के खिलाफ केस कर दिया और फोरम से मानसिक-शारीरिक परेशानी के 1 लाख रुपए और केस खर्च के 25 हजार रुपए दिलवाने की प्रार्थना की। फोरम को योगेश ने बताया कि ब्रांड फैक्ट्री के द्वारा चीजों की बिक्री करते समय मानक स्तर की सुविधाओं का विज्ञापन किया जाता है लेकिन ऐसा नहीं किया गया और सेवा में कमी की गई। कैंपस के अंदर और बाहर ऐसी कोई सूचना चस्पा नहीं थी, जिसमें लिखा हो कि चीजों को कैरी करने के लिए कैरी बैग का शुल्क ग्राहकों से लिया जाएगा। फरियादी के तर्कों से संतुष्ट होकर फोरम ने पक्ष में फैसला सुनाया।

### फोरम ने की ये टिप्पणी

ये साफ है कि कस्टमर के साथ सेवा में कमी और अनुचित व्यवहार किया गया है। साथ ही ब्रांड फैक्ट्री के द्वारा कैरी बैग शुल्क लेना तो गलत है ही इसके साथ कैरी बैग के ऊपर कंपनी का लोगो लगाकर अपनी कंपनी का प्रचार-प्रसार करना भी अनुचित व्यापार व्यवहार की श्रेणी में आता है।

# इंदौर में पीएम मोदी के रोड शो की तैयारी प्रारंभ

## पीएम मोदी का यह रोड शो छह विधानसभा क्षेत्रों को कवर करेगा

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

इंदौर। मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव के मतदान से ठीक तीन दिन पहले 14 नवंबर को प्रधानमंत्री मोदी राज्य औद्योगिक की राजधानी इंदौर में रोड शो करेंगे। पीएम मोदी का यह रोड शो छह विधानसभा क्षेत्रों को कवर करेगा। पीएम मोदी के इस रोड को एतिहासिक बनाने के लिए अलग अलग क्षेत्रों के नेताओं को जिम्मेदारी सौंप दी गई है। भाजपा इंदौर क्षेत्र क्रमांक एक, तीन, इंदौर क्षेत्र क्रमांक पांच और राऊ विधानसभा सीट को चुनौती मान रही है, इसलिए मोदी के रोड शो में इन्हें विशेष रूप से शामिल किया गया है।

जानकारी के अनुसार, पीएम मोदी का रोड शो दो हिस्सों में होगा। पहले हिस्से की शुरूआत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक एक से होगी। इस सीट से भाजपा के कद्दावर नेता कैलाश विजयवर्गीय मैदान में हैं। विजयवर्गीय का मुकाबला कांग्रेस के संजय शुक्ला से है। हाल ही में शुक्ला के समर्थन में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने भी रोड शो किया था। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो के रूट में बदलाव हो रहा है।

पीएम का रोड शो दो हिस्सों में होगा। पहला रोड शो विधानसभा क्षेत्र क्रमांक एक के बड़ा गणपति मदिर से शुरू होगा। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक तीन के राजवाड़ा पर खत्म होगा। इस दौरान पीएम मोदी माता अहिल्या की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। पीएम का रोड शो क्षेत्र क्रमांक पांच से भी गुजरेगा। इस सीट से महेंद्र हार्डिया भाजपा के उम्मीदवार है। जबकि कांग्रेस से सत्यनारायण पटेल मैदान में है। पटेल प्रियंका गांधी के करीबी है। हाल ही में प्रियंका पटेल के विधानसभा क्षेत्र में भी जनसभा के लिए पहुंची थी। जबकि पीएम मोदी का दूसरा रोड शो राऊ विधानसभा क्षेत्र से शुरू होगा। यहां से कांग्रेस नेता जीतू पटवारी विधायक हैं। पटवारी इस बार फिर मैदान में हैं। जबकि भाजपा ने यहां से मधु वर्मा को टिकट दिया है। दोनों के बीच कड़ी टक्कर बताई जा रही है।

**तीन में भी गुजरेगा रोड शो-** बताया गया है की यह रोड शो शहर की तीन नंबर विधानसभा से भी गुजरेगा। यहां से भाजपा ने गोलू शुक्ला को टिकट दिया है। पहले इस सीट से कैलाश विजयवर्गीय के बेटे आकाश विजयवर्गीय विधायक थे। इस बार उनका टिकट कट गया है। जबकि कांग्रेस ने पिंटू जोशी को मैदान में उतारा है। शुक्ला और जोशी के बीच कड़ा मुकाबला बताया जा रहा है।

**यहां से गुजरेगा मोदी का रोड शो-** जानकारी के अनुसार, पीएम मोदी के पहले रोड शो की शुरूआत बड़ा गणपति मंदिर से होगी। इसके बाद पीएम रोड शो करते हुए राजवाड़ा पहुचेंगे। यहां मोदी माता अहिल्या की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। दूसरे हिस्से की शुरूआत राऊ विधानसभा क्षेत्र के पंडित दीनदयाल उपभवन भंवरकुआं बीआरटीएस से शुरूआत होगी। वहां से भंवरकुआं चौराहा, टावर चौराहा, अग्रसेन चौराहा, छावनी, गीता भवन चौराहा, इंद्रप्रस्थ टावर चौराहा, रोशन सिंह भंडारी मार्ग, मालवा मिल चौराहा, बालीनाथ चौराहा होते हुए विश्रांति चौराहे पर समापन इसका समापन होगा। पीएमओ से गुरुवार शुक्रवार तक रूट फाइनल होने की उम्मीद है। इसके अलावा पीएम मोदी 13 और 14 व 15 नवंबर को रैलियां करेंगे। पीएम मोदी प्रचार के आखिरी दिन इंदौर में रोड शो करेंगे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह मध्यप्रदेश में 11, 12 और 13 नवंबर को भी रैली करेंगे। जबकि यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ 14 नवंबर को सभा करेंगे। असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा 8 को खंडवा और 9 को राजगढ़ में रहेंगे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।

■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।